**मा0 कुलपति, एच0एन0बी0यू0एम0ई0यू की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 20.02.2025 को अपराहन 12:30 बजे आहूत हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून की शैक्षिक परिषद की सोलहवीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः—**

1. डॉ0 आशीष उनियाल, कुलसचिव, हे0न0ब0उ0 चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून।
2. प्रो0 विजय जुयाल, परीक्षा नियंत्रक, हे0न0ब0उ0 चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. डॉ रंगील सिंह रैना, प्रतिनिधि, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, चन्दर नगर देहरादून।
4. डॉ0 गीता जैन, प्राचार्य, राजकीय दून मेडिकल कालेज देहरादून।
5. प्रो0 आर0पी0 ममंगई, विभागाध्यक्ष, सोशल साइंस विभाग, दून यूनिर्वसीटी, मौथरोवाला रोड़ केदारपुर, देहरादून।

सर्वप्रथम कुलसचिव, हे0न0ब0उ0 चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, सदस्य सचिव शैक्षिक परिषद द्वारा समस्त सदस्यों का परिचय के साथ स्वागत करते बैठक प्रारम्भ की गयी, तदोपरान्त मा0 अध्यक्ष एवं बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं के क्रमानुसार विचार—विमर्श करते हुए निम्न निर्णय लिए गयेः—

| क्रसं | एजण्डा | कार्यवाही |
|---|---|---|
| 16.01 | नव नियुक्त शैक्षिक परिषद के सदस्यों का स्वागत एवं पूर्व के सदस्यों के सहयोग की सराहना/आभार प्रकट करना | कुलसचिव— सदस्य सचिव शैक्षिक परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित शैक्षिक परिषद के नये सदस्यों का स्वागत करते हुए पूर्व के सदस्यों का शैक्षिक परिषद की बैठकों में सहयोग हेतु आभार प्रकट किया गया। |
| 16.02 | दिनांक 10.08.2023 को आहूत 15वीं शैक्षिक परिषद की बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार की गयी कार्यवाही पर अनुमोदन | शैक्षिक परिषद की 15 वीं बैठक में लिए गये निर्णयों के अनुरूप की गयी कार्यवाही से मा0 परिषद को अवगत कराया गया। |
| 16.03 | परीक्षा समिति की बैठक मे लिए गये निर्णयों का अनुमोदन। | शैक्षिक परिषद द्वारा परीक्षा समिति की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त को सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदित किया गया। संलग्नक—1 |
| 16.04 | विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में सम्मानित किये जाने वाली उपाधि एम0बी0बी0एस0 | विश्वविद्यालय के सप्तम् दीक्षांत समारोह में सम्बद्ध कॉलेजों के संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष की वार्षिक |

| | | |
|---|---|---|
| | /एम0एस0सी0 नर्सिंग/ बी0एस0सी0 नर्सिंग/ पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग एवं समस्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष के कितने छात्र/छात्राओं को आमंत्रित किया जाना है , आमंत्रित छात्रों की संख्या एवं गणवेष पर चर्चा। | परीक्षाफल में उत्तीर्ण कुल–2,415 अभ्यर्थियों को डिग्री प्रदान की जायेगी। जिसमे विभिन्न पाठ्यक्रमों के 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कुल 500 छात्र/छात्राओं को ऑन लाईन पंजीकरण के माध्यम से पहले पंजीकृत 500 छात्र/छात्राओं/अभिभावकों को समारोह में आमंत्रित किये जाने पर सहमति दी गयी।<br>सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त अभ्यर्थियों को दिये जाने वाले गोल्ड मेडल /सिल्वर मेडल के अतिरिक्त ब्रॉन्ज मेडल भी वितरित किये जाने का निर्णय परीक्षा समिति द्वारा लिया गया जिस पर मा0 परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया यगा। दीक्षांत समारोह में छात्रो द्वारा सफेद रंग का पजामा कुर्ता एवं छात्राओं को सफेद रंग की साड़ी या सूट के साथ विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया स्टोल एवं सिर पर काली रंग की पहाड़ी टोपी पहननी होगी, के प्रस्ताव को शैक्षिक परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |
| 16.05 | गोल्ड मेडल / सिल्वर मेडल/ ब्रॉन्ज़ मेडल हेतु तैयार किये गये प्रारूप पर चर्चा/अनुमोदन। | विश्वविद्यालय द्वारा तैयार कराये गये गोल्ड मेडल / सिल्वर मेडल/ ब्रॉन्ज़ मेडल के प्रारूप को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रारूप मेडल मे एक तरफ विश्वविद्यालय का नाम एवं लोगों एवं दूसरी तरफ अभ्यर्थी का नाम, उसका रोल नं0 ,कोर्स का नाम एवं दिये जाने वाले मेडल दर्शाया गया है। उक्त प्रारूप को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिति से अनुमोदित किया गया। |
| 16.06 | प्रो0 एम0सी0 पन्त, बेस्ट पेपर रिसर्च एवार्ड दिये जाने वाले छात्रों के नामांकन पर चर्चा । | विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह में दिये जाने वाले प्रो0 एम0सी0पन्त, बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड हेतु राज्य के तीन राजकीय मेडिकल कॉलेजों से कुल–24 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए है। प्राप्त शोध पत्रों पर उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श उपरान्त सहमति प्रदान की गयी कि शोध पत्रो के मूल्यांकन हेतु एक कमेटी मा0 |

| | | |
|---|---|---|
| | | कुलपति महोदय द्वारा गठित की जायेगी, जो प्राप्त रिसर्च पेपर का मूल्यांकन कर तीन श्रेष्ठ शोध पत्रों को बेस्ट पेपर अवार्ड के लिए नांमाकित करेगीं जिस पर मा0 कुलपति द्वारा अंतिम निर्णय लेते हुए यह अवार्ड वितरित किये जोयगें। |
| 16.07 | विश्वविद्यालय द्वारा पारित तथा यू0जी0सी0 के आधार पर Master in Hospital Administration (MHA) पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय के अधीन उत्तरांचल पी0जी0 कॉलेज ऑफ बायो–मेडिकल साइंसेज एण्ड हास्पिटल सेवला खुर्द देहरादून कॉलेज में संचालित किये जाने पर चर्चा। | विश्वविद्यालय द्वारा मा0 परिषद के संज्ञान में लाया गया कि विश्वविद्यालय की दिनांक 01. 03.2019 को आयोजित आठवीं शैक्षिक परिषद एवं दिनांक: 10.05.2019 को आयोजित छठीं कार्यपरिषद में Master in Hospital Administration (MHA) पाठ्यक्रम अनुमोदित किया गया है।<br>वर्तमान में शैक्षिक सत्र –2020–21 से मास्टर ऑफ हास्पिटल एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिस हेतु 25 सीटो को अनुमोदित किया गया।<br>वर्तमान में उक्त कोर्स कम्बाइन्ड पी0जी0इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एण्ड रिसर्च कुआवाला हरिद्वार रोड़, देहरादून तथा श्री स्वामी भूमानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग हरिद्वार में संचालित किया जा रहा है।<br>उत्तरांचल पी0जी0 कॉलेज ऑफ बायो–मेडिकल साइंसेज एण्ड हास्पिटल सेवला खुर्द देहरादून कॉलेज ने अपने पत्रांक UCBMSH/471 दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 के द्वारा वर्ष 2025–26 से उक्त कोर्स अपने विद्यालय में संचालित किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। वर्तमान में संस्थान में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के यू0जी0 तथा पी0जी0 कोर्स संचालित है ।<br>वर्तमान में संचालित कोर्सो के अतिरिक्त मास्टर ऑफ हैल्थ एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम के संचालन हेतु समिति द्वारा निर्णय लिए गये कि उत्तरांचल पी0जी0 कॉलेज ऑफ बायो–मेडिकल साइंसेज एण्ड हास्पिटल को विगत में अन्य कॉलेजों की भॉति विश्वविद्यालय विनियमावली/नियमावली एवं निर्धारित मानको को नियमानुसार पूर्ण किये जाने की दशा में पाठ्यक्रम संचालन की सहमति प्रदान की गयी। |

| | | |
|---|---|---|
| 16.08 | पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के विभिन्न विषयों हेतु अध्यादेश/नियम पर चर्चा। | मा0 परिषद को अवगत कराया गया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम हेतु नियामक संस्था नैशनल कमिशन फॉर एलाइड एण्ड हैल्थ केयर प्रोफशन अधिनियम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय काउन्सिल का गठन प्रक्रियाधीन है। जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम हेतु कोई अध्यादेश/नियम तैयार नहीं किये गये। किन्तु 03 वर्ष होने के उपरान्त भी राज्य पैरामेडिकल काउन्सिल का गठन नहीं हो पाया है। जिस पर मा0 परिषद द्वारा विचारोपरान्त शैक्षिक हित मे निर्णय लिया गया कि इसके लिए सत्र–2025–26 के प्रारम्भ होने से पूर्व पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु एक विद्या परिषद **(बोर्ड ऑफ स्ट्डीज़** (BOS) करा ली जाए एवं शैक्षिक परिषद के अनुमोदनोपरान्त अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जाये। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विद्या पाठ्यक्रम हेतु बोर्ड ऑफ स्ट्डीज़ का नियमानुसार गठन तथा बैठके आवश्यकतानुसार करते हुए शैक्षिक हित मे अद्यतन पाठ्यक्रम संचालित किये जायें। |
| 16.09 | अन्य बिन्दु मा0 कुलपति महोदय की अनुमति से। | ———————— |

तदोपरान्त धन्यवाद ज्ञापन के साथ मा0 शैक्षिक परिषद की बैठक का समापन किया गया।

डॉ0 आशीष उनियाल
कुलसचिव

प्रो0 ओंकार सिंह
कुलपति

पत्रांक: 4095/ एच0एन0बी0 उ0चि0 वि0/ 2025 दिनांक 25-02-2025